Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ......................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**J 0 0 1 0**

**Test Booklet No.** Z

# PAPER-I

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **20** Number of Questions in this Booklet : **60**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of the candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा । उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. **प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II के लिए एक ही उत्तर पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है ।** प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Marks Obtained | | | | | |
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 21 | | 41 | |
| 2 | | 22 | | 42 | |
| 3 | | 23 | | 43 | |
| 4 | | 24 | | 44 | |
| 5 | | 25 | | 45 | |
| 6 | | 26 | | 46 | |
| 7 | | 27 | | 47 | |
| 8 | | 28 | | 48 | |
| 9 | | 29 | | 49 | |
| 10 | | 30 | | 50 | |
| 11 | | 31 | | 51 | |
| 12 | | 32 | | 52 | |
| 13 | | 33 | | 53 | |
| 14 | | 34 | | 54 | |
| 15 | | 35 | | 55 | |
| 16 | | 36 | | 56 | |
| 17 | | 37 | | 57 | |
| 18 | | 38 | | 58 | |
| 19 | | 39 | | 59 | |
| 20 | | 40 | | 60 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................

## Paper – I
## प्रश्नपत्र – I

**Note :**
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer any **Fifty (50)** questions.
- In case more than **50** questions are attempted, only the first **50** questions will be evaluated.

**नोट :**
- इस प्रश्नपत्र में **साठ (60)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं ।
- अभ्यर्थी को कोई भी **पचास (50)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- यदि **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो प्रथम **पचास (50)** प्रश्न ही जाँचे जायेंगे ।

**1.** Which one of the following is the oldest Archival source of data in India ?

(A) National Sample Surveys
(B) Agricultural Statistics
(C) Census
(D) Vital Statistics

**2.** In a large random data set following normal distribution, the ratio (%) of number of data points which are in the range of (mean ± standard deviation) to the total number of data points, is

(A) ~ 50%
(B) ~ 67%
(C) ~ 97%
(D) ~ 47%

**3.** Which number system is usually followed in a typical 32-bit computer ?

(A) 2
(B) 8
(C) 10
(D) 16

**4.** Which one of the following is an example of Operating System ?

(A) Microsoft Word
(B) Microsoft Excel
(C) Microsoft Access
(D) Microsoft Windows

**1.** निम्नलिखित में से भारत में पुरालेखों सम्बन्धी आँकड़े प्रदान करने वाला पुरातनतम स्रोत कौन सा है ?

(A) नेशनल सैम्पल सर्वे
(B) कृषि सम्बन्धी आँकड़े
(C) जनगणना
(D) आवश्यक आँकड़े

**2.** सामान्य बंटन का अनुसरण करने वाले एक बृहद यादृच्छिक आँकड़ों के समुच्चय में माध्य ± मानक विचलन के विस्तार में आँकड़ा बिन्दुओं की संख्या का संपूर्ण आँकड़ा बिन्दुओं की संख्या के साथ अनुपात (%) होता है

(A) ~ 50%
(B) ~ 67%
(C) ~ 97%
(D) ~ 47%

**3.** एक विशिष्ट 32-बिट कम्प्यूटर में प्राय: किस संख्या विधि का अनुसरण किया जाता है ?

(A) 2
(B) 8
(C) 10
(D) 16

**4.** निम्नलिखित में से परिचालन विधि (ओपरेटिंग सिस्टम) का उदाहरण कौन सा है ?

(A) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड
(B) माइक्रोसॉफ्ट एक्सल
(C) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस
(D) माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़

**5.** Which one of the following represent the binary equivalent of the decimal number 23 ?

(A) 01011

(B) 10111

(C) 10011

(D) None of the above

**6.** Which one of the following is different from other members ?

(A) Google

(B) Windows

(C) Linux

(D) Mac

**7.** Where does a computer add and compare its data ?

(A) CPU

(B) Memory

(C) Hard disk

(D) Floppy disk

**8.** Computers on an internet are identified by

(A) e-mail address

(B) street address

(C) IP address

(D) None of the above

**9.** The Right to Information Act, 2005 makes the provision of

(A) Dissemination of all types of information by all Public authorities to any person.

(B) Establishment of Central, State and District Level Information Commissions as an appellate body.

(C) Transparency and accountability in Public authorities.

(D) All of the above

**5.** निम्नलिखित में से कौन सा दशमलव संख्या 23 का दोहरा समानार्थी (बाइनरी इक्विवेलेंट) है ?

(A) 01011

(B) 10111

(C) 10011

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा अन्य से भिन्न है ?

(A) गूगल

(B) विंडोज़

(C) लाइनेक्स

(D) मैक

**7.** एक कम्प्यूटर अपने डाटा में कहाँ पर कुछ जोड़ता है और उसकी तुलना करता है ?

(A) सी पी यू

(B) मेमोरी

(C) हार्ड डिस्क

(D) फ्लॉपी डिस्क

**8.** इण्टरनेट वाले कम्प्यूटरों की पहचान किससे होती है ?

(A) ई-मेल एड्रेस

(B) स्ट्रीट एड्रेस

(C) आई पी एड्रेस

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**9.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 प्रावधान करता है :

(A) किसी भी व्यक्ति को सभी लोक अधिकारियों द्वारा, सभी प्रकार की सूचनाओं का प्रसार ।

(B) केन्द्रीय, राज्यीय एवं जिला स्तरों पर सूचना आयोगों की अपीलीय अधिकरण के रूप में स्थापना ।

(C) लोक अधिकारियों में पारदर्शिता एवं जवाबदेयता ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

10. Which type of natural hazards cause maximum damage to property and lives ?

(A) Hydrological

(B) Hydro-meteorological

(C) Geological

(D) Geo-chemical

11. Dioxins are produced from

(A) Wastelands

(B) Power plants

(C) Sugar factories

(D) Combustion of plastics

12. The slogan "A tree for each child" was coined for

(A) Social forestry programme

(B) Clean Air programme

(C) Soil conservation programme

(D) Environmental protection programme

13. The main constituents of biogas are

(A) Methane and Carbon di-oxide

(B) Methane and Nitric oxide

(C) Methane, Hydrogen and Nitric oxide

(D) Methane and Sulphur di-oxide

10. कौन सा प्राकृतिक प्रकोप सम्पत्ति और जीवन को अधिकतम नुकसान पहुँचाता है ?

(A) जल प्रकोप

(B) जल-मौसमी प्रकोप

(C) भू-वैज्ञानिक प्रकोप

(D) भू-रासायनिक प्रकोप

11. डायोक्सिन्ज़ किससे उत्सर्जित होता है ?

(A) बंजर धरती

(B) बिजली-यन्त्र

(C) चीनी के कारखाने

(D) प्लास्टिक दहन

12. "प्रत्येक बालक के लिए एक पेड़" का नारा किस आशय से गढ़ा गया ?

(A) सामाजिक वन कार्यक्रम

(B) स्वच्छ वायु कार्यक्रम

(C) भूमि संरक्षण कार्यक्रम

(D) पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम

13. निम्नलिखित में से बायो-गैस का प्रमुख तत्त्व कौन सा है ?

(A) मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड

(B) मीथेन और नाइट्रिक ऑक्साइड

(C) मीथेन, हाइड्रोजन और नाइट्रिक ऑक्साइड

(D) मीथेन और सल्फर डाइऑक्साइड

**14.** **Assertion (A) :** In the world as a whole, the environment has degraded during past several decades.

**Reason (R) :** The population of the world has been growing significantly.

(A) (A) is correct, (R) is correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) (A) is correct, (R) is correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is correct.

**15.** Climate change has implications for

1. soil moisture 2. forest fires
3. biodiversity 4. ground water

Identify the correct combination according to the code :

**Codes :**

(A) 1 and 3 (B) 1, 2 and 3
(C) 1, 3 and 4 (D) 1, 2, 3 and 4

**16.** The accreditation process by National Assessment and Accreditation Council (NAAC) differs from that of National Board of Accreditation (NBA) in terms of

(A) Disciplines covered by both being the same, there is duplication of efforts.

(B) One has institutional grading approach and the other has programme grading approach.

(C) Once get accredited by NBA or NAAC, the institution is free from renewal of grading, which is not a progressive decision.

(D) This accreditation amounts to approval of minimum standards in the quality of education in the institution concerned.

**14.** **अभिकथन (A) :** संसार में समग्र रूप से, पिछले कई दशकों में पर्यावरण बिगड़ा है ।

**तर्क (R) :** संसार की जनसंख्या में महत्त्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हो रही है ।

(A) (A) सही है; (R) सही है और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) सही है; (R) सही है और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**15.** मौसम का परिवर्तन किस पर प्रभावी होता है ?

1. भूमि की नमी
2. वन-अग्नि
3. बायो-डाइवरसिटी (जैव विविधता)
4. भूमिगत जल

कोड के आधार पर सही युग्म की पहचान कीजिए :

**कोड :**

(A) 1 और 3 (B) 1, 2 और 3
(C) 1, 3 और 4 (D) 1, 2, 3 और 4

**16.** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं अधिस्वीकृति परिषद (एन.ए.ए.सी.) राष्ट्रीय अधिस्वीकृति बोर्ड (एन.बी.ए.) से इन बातों में भिन्न है :

(A) दोनों द्वारा पढ़ाये जाने वाले विषयों में समानता होते हुए भी प्रयासों में दोहरापन है ।

(B) एक का दृष्टिकोण कोटि-निर्धारण है तथा दूसरे का कार्यक्रम की कोटि आधारित दृष्टिकोण ।

(C) एन.बी.ए. अथवा एन.ए.ए.सी. से एक बार अधिस्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात संस्था को कोटि के नवीनीकरण कराने से स्वतन्त्र है, यह एक प्रगतिशील निर्णय नहीं है ।

(D) यह अधिस्वीकृति सम्बन्धित संस्था में शिक्षा की गुणवत्ता के न्यूनतम मानकों की स्वीकृति के समान है ।

**17.** Which option is not correct ?

(A) Most of the educational institutions of National repute in scientific and technical sphere fall under 64th entry of Union list.

(B) Education, in general, is the subject of concurrent list since 42nd Constitutional Amendment Act 1976.

(C) Central Advisory Board on Education (CABE) was first established in 1920.

(D) India had implemented the right to Free and Compulsory Primary Education in 2002 through 86th Constitutional Amendment.

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(A) विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र के राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्राप्त अधिकांश संस्थान संघीय सूची की 64वीं प्रविष्टि के अन्तर्गत आते हैं ।

(B) 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 से सामान्यत:, शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है ।

(C) शिक्षा पर केन्द्रीय परामर्शदात्री मण्डल (सी.ए.बी.ई. ) की प्रथम बार स्थापना 1920 में की गई थी ।

(D) भारत ने 2002 में 86वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से अनिवार्य और मुफ्त प्राथमिक शिक्षा के अधिकार को लागू कर दिया है ।

**18.** Which statement is not correct about the "National Education Day" of India ?

(A) It is celebrated on 5th September every year.

(B) It is celebrated on 11th November every year.

(C) It is celebrated in the memory of India's first Union Minister of Education, Dr. Abul Kalam Azad.

(D) It is being celebrated since 2008.

**18.** भारत के "राष्ट्रीय शिक्षा दिवस" के बारे में कौन सा अभिमत सही नहीं है ?

(A) यह प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को मनाया जाता है ।

(B) यह प्रतिवर्ष 11 नवम्बर को मनाया जाता है ।

(C) इसे भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री डॉ. अबुल कलाम आजाद की स्मृति में मनाया जाता है ।

(D) इसे 2008 से मनाया जा रहा है ।

**19.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** (Articles of the Constitution) | **List – II** (Institutions) |
|---|---|
| (a) Article 280 | (i) Administrative Tribunals |
| (b) Article 324 | (ii) Election Commission of India |
| (c) Article 323 | (iii) Finance Commission at Union level |
| (d) Article 315 | (iv) Union Public Service Commission |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**20.** Deemed Universities declared by UGC under Section 3 of the UGC Act 1956, are not permitted to

(A) offer programmes in higher education and issue degrees.

(B) give affiliation to any institute of higher education.

(C) open off-campus and off-shore campus anywhere in the country and overseas respectively without the permission of the UGC.

(D) offer distance education programmes without the approval of the Distance Education Council.

**19.** सूची–I को सूची–II से मिलाते हुए, दिये गये कोड का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

| **सूची – I** (संविधान के अनुच्छेद) | **सूची – II** (संस्थाएँ) |
|---|---|
| (a) अनुच्छेद 280 | (i) प्रशासनिक न्यायाधिकरण |
| (b) अनुच्छेद 324 | (ii) भारत का निर्वाचन आयोग |
| (c) अनुच्छेद 323 | (iii) संघीय स्तर पर वित्त आयोग |
| (d) अनुच्छेद 315 | (iv) संघ लोक सेवा आयोग |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**20.** यू.जी.सी. द्वारा यू.जी.सी. अधिनियम, 1956 धारा 3 के अन्तर्गत मानित विश्वविद्यालयों को यह आज्ञा नहीं है :

(A) उच्च शिक्षा के कार्यक्रमों को चलाना और उनमें डिग्री प्रदान करना ।

(B) किसी उच्च शिक्षा के संस्थान को सम्बद्ध करना ।

(C) यू.जी.सी. की आज्ञा के बिना कैम्पस के बाहर किसी भी जगह देश में या विदेशों में कैम्पस खोलना ।

(D) दूरस्थ शिक्षा परिषद की अनुमति के बिना दूरस्थ कार्यक्रमों को चलाना ।

**21.** Which one of the following is the most important quality of a good teacher ?

(A) Punctuality and sincerity
(B) Content mastery
(C) Content mastery and reactive
(D) Content mastery and sociable

**22.** The primary responsibility for the teacher's adjustment lies with

(A) The children
(B) The principal
(C) The teacher himself
(D) The community

**23.** As per the NCTE norms, what should be the staff strength for a unit of 100 students at B.Ed. level ?

(A) 1 + 7 (B) 1 + 9
(C) 1 + 10 (D) 1 + 5

**24.** Research has shown that the most frequent symptom of nervous instability among teachers is

(A) Digestive upsets
(B) Explosive behaviour
(C) Fatigue
(D) Worry

**25.** Which one of the following statements is correct ?

(A) Syllabus is an annexure to the curriculum.
(B) Curriculum is the same in all educational institutions.
(C) Curriculum includes both formal, and informal education.
(D) Curriculum does not include methods of evaluation.

**26.** A successful teacher is one who is

(A) Compassionate and disciplinarian
(B) Quite and reactive
(C) Tolerant and dominating
(D) Passive and active

**21.** निम्नलिखित में से अच्छा अध्यापक होने के लिए कौन सा गुण सबसे महत्त्वपूर्ण है ?

(A) समय की पाबन्दी और गांभीर्य
(B) विषय में निपुणता
(C) विषय में निपुणता और प्रतिक्रियाशील
(D) विषय में निपुणता और सामाजिकता

**22.** अध्यापक के समन्वय का प्राथमिक उत्तरदायित्व किसका है ?

(A) बालकों का
(B) प्रिंसिपल का
(C) स्वयं अध्यापक का
(D) समुदाय का

**23.** एन सी टी ई के प्रतिमानों के अनुसार बी.एड. स्तर के एक यूनिट जिसमें 100 विद्यार्थी हों, वहाँ स्टाफ की संख्या क्या होनी चाहिए ?

(A) 1 + 7 (B) 1 + 9
(C) 1 + 10 (D) 1 + 5

**24.** अन्वेषणों ने यह दर्शाया है कि अध्यापकों के स्नायुतन्त्र में अस्थिरता के प्राप्य प्राय: लक्षण है

(A) पाचनक्रिया का बिगड़ना
(B) विस्फोटक व्यवहार
(C) थकावट
(D) चिन्ता

**25.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?

(A) पाठ्यक्रम (सिलेबस) पाठ्यचर्या का परिशिष्ट है ।
(B) पाठ्यचर्या सभी शैक्षिक संस्थानों में समान रहती है ।
(C) पाठ्यचर्या में औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा दोनों शामिल होती हैं ।
(D) पाठ्यचर्या में मूल्यांकन के ढंग शामिल नहीं होते ।

**26.** एक सफल अध्यापक वह है, जो

(A) संवेदनशील और अनुशासनप्रिय हो
(B) शान्त और प्रतिक्रियाशील हो
(C) सहनशील और प्रभुत्वकारी हो
(D) निष्क्रिय और सक्रिय हो

Read the following passage carefully and answer the questions **27 to 32**.

The phrase "What is it like ?" stands for a fundamental thought process. How does one go about observing and reporting on things and events that occupy segments of earth space ? Of all the infinite variety of phenomena on the face of the earth, how does one decide what phenomena to observe ? There is no such thing as a complete description of the earth or any part of it, for every microscopic point on the earth's surface differs from every other such point. Experience shows that the things observed are already familiar, because they are like phenomena that occur at home or because they resemble the abstract images and models developed in the human mind.

How are abstract images formed ? Humans alone among the animals possess language; their words symbolize not only specific things but also mental images of classes of things. People can remember what they have seen or experienced because they attach a word symbol to them.

During the long record of our efforts to gain more and more knowledge about the face of the earth as the human habitat, there has been a continuing interplay between things and events. The direct observation through the senses is described as a percept; the mental image is described as a concept. Percepts are what some people describe as reality, in contrast to mental images, which are theoretical, implying that they are not real.

The relation of Percept to Concept is not as simple as the definition implies. It is now quite clear that people of different cultures or even individuals in the same culture develop different mental images of reality and what they perceive is a reflection of these preconceptions. The direct observation of things and events on the face of the earth is so clearly a function of the mental images of the mind of the observer that the whole idea of reality must be reconsidered.

Concepts determine what the observer perceives, yet concepts are derived from the generalizations of previous percepts. What happens is that the educated observer is taught to accept a set of concepts and then sharpens or changes these concepts during a professional career. In any one field of scholarship, professional opinion at one time determines what concepts and procedures are acceptable, and these form a kind of model of scholarly behaviour.

**27.** The problem raised in the passage reflects on

(A) thought process (B) human behaviour

(C) cultural perceptions (D) professional opinion

**28.** According to the passage, human beings have mostly in mind

(A) Observation of things (B) Preparation of mental images

(C) Expression through language (D) To gain knowledge

**29.** Concept means

(A) A mental image (B) A reality

(C) An idea expressed in language form (D) All the above

**30.** The relation of Percept to Concept is

(A) Positive (B) Negative

(C) Reflective (D) Absolute

**31.** In the passage, the earth is taken as

(A) The Globe (B) The Human Habitat

(C) A Celestial Body (D) A Planet

**32.** Percept means

(A) Direct observation through the senses (B) A conceived idea

(C) Ends of a spectrum (D) An abstract image

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न **27** से **32** तक के उत्तर दीजिए :

यह उक्ति "यह किस जैसा है ?" मूल विचार प्रक्रिया में आती है कि कोई व्यक्ति किस प्रकार इस धरती के खण्डों में व्याप्त वस्तुओं और घटनाओं का अवलोकन एवं विवरण देता है । इस धरती पर असीम गोचरीय विविधता है मगर कोई व्यक्ति इस बात का निर्णय कैसे करे कि क्या देखा जाए ? धरती या इसके किसी खण्ड के सम्पूर्ण विवरण जैसी कोई वस्तु नहीं है, क्योंकि धरती की इस सतह का प्रत्येक सूक्ष्मदर्शी बिन्दु हर वैसे ही अन्य बिन्दु से भिन्न है । अनुभव दर्शाता है कि अवलोकित वस्तुएँ जानी-पहचानी होती हैं, क्योंकि वह उन गोचरीय घटनाओं जैसी होती हैं जो घर पर घटित होती हैं अथवा क्योंकि अमूर्त बिम्बों एवं आदर्शों, जो मानवीय मस्तिष्क में विकसित होते हैं, से मिलते-जुलते हैं ।

अमूर्त बिम्बों का निर्माण कैसे होता है ? जानवरों में से केवल मानव को ही भाषा प्राप्त हुई है । उनके शब्द विशेष वस्तुओं का ही नहीं, बल्कि वस्तुओं की कोटियों के मानसिक बिम्बों का प्रतीक बनते हैं । मनुष्य उस वस्तु को याद रख सकता है जिसे उसने देखा अथवा अनुभव किया हो, क्योंकि वह उसके साथ किसी शब्द का प्रतीक जोड़ देता है ।

इस धरती पर मानव के प्राकृतिक निवास के सम्बन्ध में अधिक से अधिक ज्ञान-प्राप्ति की श्रृंखला के दौरान वस्तुओं और घटनाओं में निरन्तर अन्तर-क्रिया चलती रही है । इन्द्रियों द्वारा प्रत्यक्ष अवलोकन को प्रत्यक्ष ज्ञान कहा जाता है और मानसिक बिम्ब को अवधारणा । प्रत्यक्ष ज्ञान को कुछ लोग यथार्थता कहते हैं जबकि इसके प्रतिकूल मानसिक बिम्ब सैद्धान्तिक होते हैं जिसका भावार्थ है कि ये अवास्तविक होते हैं ।

प्रत्यक्ष ज्ञान और अवधारणा के बीच का सम्बन्ध इतना सरल नहीं जितना इस परिभाषा से दिखायी देता है । यह अब पूर्णतया स्पष्ट हो गया है कि भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के मानव अथवा समान संस्कृतियों वाले व्यक्ति भी यथार्थता के प्रति विभिन्न मानसिक बिम्बों को विकसित कर सकते हैं, और जिसका उन्हें प्रत्यक्ष बोध होता है वह उनकी पूर्व-अवधारणा की झलक होती है । इस धरती पर वस्तुओं और घटनाओं के प्रत्यक्ष ज्ञान के सम्बन्ध में अवलोकनकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह मानसिक बिम्बों को देखते हुए यथार्थता के प्रति पुनर्विचार करे ।

अवलोकनकर्ता का प्रत्यक्ष ज्ञान उसकी अवधारणा का निर्धारण करता है, परन्तु पिछले प्रत्यक्ष ज्ञान के साधारणीकरण से अवधारणा का उद्गम होता है । वस्तु स्थिति यह है कि शिक्षित अवलोकनकर्ता को सिखाया जाता है कि वह किन्हीं अवधारणाओं को स्वीकार करे और इन अवधारणाओं को वह अपने व्यावसायिक जीवन के दौरान उन्हें तीव्रता अथवा परिवर्तित करता है । विद्वत्ता के किसी क्षेत्र में किसी समय पर दिया व्यावसायिक मत यह निर्धारित करता है कि कौन सी अवधारणाएँ अथवा प्रक्रियाएँ स्वीकार्य हैं, और ये विद्वत्तापूर्ण व्यवहार के आदर्श की स्थापना करते हैं ।

**27.** गद्यांश में वर्णित समस्या में किसकी झलक है ?

(A) विचार प्रक्रिया
(B) मानवीय व्यवहार
(C) सांस्कृतिक प्रत्यक्ष ज्ञान
(D) व्यावसायिक राय

**28.** गद्यांश के अनुसार ज्यादातर मानव-मन में यह होता है :

(A) वस्तुओं का अवलोकन
(B) मानसिक बिम्बों को बनाना
(C) भाषा द्वारा अभिव्यक्ति
(D) ज्ञान जुटाना

**29.** अवधारणा से भाव है

(A) एक मानसिक बिम्ब
(B) एक यथार्थता
(C) भाषा के रूप में अभिव्यक्त विचार
(D) उपरोक्त सभी

**30.** प्रत्यक्ष ज्ञान का अवधारणा से सम्बन्ध है

(A) सकारात्मक
(B) नकारात्मक
(C) प्रतिबिम्बित
(D) सम्पूर्ण

**31.** इस गद्यांश में धरती को माना गया है

(A) ग्लोब
(B) मानवीय निवास
(C) आकाशीय पिण्ड
(D) एक नक्षत्र

**32.** प्रत्यक्ष ज्ञान से भाव है

(A) इंद्रियों द्वारा प्रत्यक्ष अवलोकन
(B) एक कल्पित विचार
(C) प्रतिबिम्ब के सिरे
(D) एक अमूर्त बिम्ब

**33.** Action research means
(A) A longitudinal research
(B) An applied research
(C) A research initiated to solve an immediate problem
(D) A research with socio-economic objective

**34.** Research is
(A) Searching again and again
(B) Finding solution to any problem
(C) Working in a scientific way to search for truth of any problem
(D) None of the above

**35.** A common test in research demands much priority on
(A) Reliability
(B) Useability
(C) Objectivity
(D) All of the above

**36.** Which of the following is the first step in starting the research process ?
(A) Searching sources of information to locate problem.
(B) Survey of related literature
(C) Identification of problem
(D) Searching for solutions to the problem

**37.** If a researcher conducts a research on finding out which administrative style contributes more to institutional effectiveness ? This will be an example of
(A) Basic Research
(B) Action Research
(C) Applied Research
(D) None of the above

**38.** Normal Probability Curve should be
(A) Positively skewed
(B) Negatively skewed
(C) Leptokurtic skewed
(D) Zero skewed

**33.** क्रियानिष्ठ शोध का भाव है
(A) देशान्तरीय शोध ।
(B) व्यावहारिक शोध ।
(C) एक शोध जिसे किसी जरूरी समस्या के समाधान के लिए प्रारम्भ किया गया हो ।
(D) सामाजिक-आर्थिक ध्येय से की गई शोध ।

**34.** शोध है
(A) बार-बार खोज करना ।
(B) किसी समस्या का समाधान ढूँढ़ना ।
(C) किसी समस्या के सम्बन्ध में वैज्ञानिक ढंग से सत्य को ढूँढ़ने के लिए कार्य करना ।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**35.** अनुसंधान (अन्वेषण) में एक सामान्य परीक्षण में प्राथमिकता दी जाती है
(A) विश्वसनीयता को
(B) प्रयोग को
(C) वस्तुनिष्ठता को
(D) उपर्युक्त सभी

**36.** निम्नलिखित में से शोध-प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रथम चरण कौन सा है ?
(A) समस्या का निर्धारण करने के लिए सूचना के स्रोतों की खोज
(B) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण
(C) समस्या की पहचान
(D) समस्या का समाधान ढूँढ़ना

**37.** यदि कोई शोधकर्ता इस आशय से शोध करता है कि कौन सा प्रबन्धकीय ढंग ज्यादा संगठनात्मक प्रभावशाली होगा, तब यह किस शोध का उदाहरण होगा ?
(A) आधारभूत शोध
(B) क्रियानिष्ठ शोध
(C) व्यावहारिक शोध
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**38.** सामान्य (नॉर्मल) प्रायिक वक्र रेखा को होना चाहिए
(A) सकारात्मक रूप से विषम
(B) नकारात्मक रूप से विषम
(C) तुंगककुदी विषम
(D) शून्य विषम

**39.** In communication, a major barrier to reception of messages is
(A) audience attitude
(B) audience knowledge
(C) audience education
(D) audience income

**40.** Post-modernism is associated with
(A) newspapers
(B) magazines
(C) radio
(D) television

**41.** Didactic communication is
(A) intra-personal
(B) inter-personal
(C) organisational
(D) relational

**42.** In communication, the language is
(A) the non-verbal code
(B) the verbal code
(C) the symbolic code
(D) the iconic code

**43.** Identify the correct sequence of the following :
(A) Source, channel, message, receiver
(B) Source, receiver, channel, message
(C) Source, message, receiver, channel
(D) Source, message, channel, receiver

**44.** **Assertion (A) :** Mass media promote a culture of violence in the society.
**Reason (R) :** Because violence sells in the market as people themselves are violent in character.
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) Both (A) and (R) are false.

**39.** निम्नलिखित में से संचार के अन्तर्गत कौन सा संदेश ग्रहण करने में प्रमुख अवरोधक है ?
(A) श्रोताओं का दृष्टिकोण
(B) श्रोताओं का ज्ञान
(C) श्रोताओं की शिक्षा
(D) श्रोताओं की आय

**40.** उत्तर-आधुनिकतावाद सम्बन्धित है
(A) समाचार-पत्र से
(B) पत्रिकाओं (मैग्जीन्ज़) से
(C) रेडियो से
(D) टेलीविज़न से

**41.** उपदेशात्मक संचार है
(A) अन्त:वैयक्तिक
(B) अन्तर-वैयक्तिक
(C) संगठनात्मक
(D) सम्बन्धसूचक

**42.** संचार में भाषा है
(A) अमौखिक कूट
(B) मौखिक कूट
(C) प्रतीकात्मक कूट
(D) चित्रात्मक कूट

**43.** निम्नलिखित में से सही क्रम की पहचान कीजिए :
(A) स्रोत, माध्यम, संदेश, संदेशग्राही
(B) स्रोत, संदेशग्राही, माध्यम, संदेश
(C) स्रोत, संदेश, संदेशग्राही, माध्यम
(D) स्रोत, संदेश, माध्यम, संदेशग्राही

**44.** **अभिकथन (A) :** संचार-माध्यम समाज में हिंसा की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं ।
**तर्क (R) :** क्योंकि बाजार में हिंसा की बिक्री है, क्योंकि लोग स्वयं हिंसावृत्ति के हैं ।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**45.** When an error of 1% is made in the length of a square, the percentage error in the area of a square will be

(A) 0 (B) 1/2

(C) 1 (D) 2

**46.** On January 12, 1980, it was a Saturday. The day of the week on January 12, 1979 was

(A) Thursday (B) Friday

(C) Saturday (D) Sunday

**47.** If water is called food, food is called tree, tree is called earth, earth is called world, which of the following grows a fruit ?

(A) Water (B) Tree

(C) World (D) Earth

**48.** E is the son of A, D is the son of B, E is married to C, C is the daughter of B. How is D related to E ?

(A) Brother (B) Uncle

(C) Father-in-law (D) Brother-in-law

**49.** If INSURANCE is coded as ECNARUSNI, how HINDRANCE will be coded ?

(A) CADNIHWCE

(B) HANODEINR

(C) AENIRHDCN

(D) ECNARDNIH

**50.** Find the next number in the following series :

2, 5, 10, 17, 26, 37, 50, ?

(A) 63 (B) 65

(C) 67 (D) 69

**45.** एक वर्ग की लम्बाई में 1% की गलती है, तो उस वर्ग के क्षेत्रफल में गलती की प्रतिशतता क्या होगी ?

(A) 0 (B) 1/2

(C) 1 (D) 2

**46.** 12 जनवरी, 1980 को शनिवार था । 12 जनवरी, 1979 को कौन सा दिन था ?

(A) गुरुवार (B) शुक्रवार

(C) शनिवार (D) रविवार

**47.** यदि जल खाद्यान्न है, खाद्यान्न वृक्ष है, वृक्ष को यदि धरती, धरती को संसार, तो फल इनमें से किसमें लगेंगे ?

(A) जल (B) वृक्ष

(C) संसार (D) धरती

**48.** E पुत्र है A का, D पुत्र है B का, E विवाहित है C से और C पुत्री है B की । D का E से क्या रिश्ता है ?

(A) भ्राता (B) चाचा

(C) ससुर (D) साला

**49.** यदि इंश्योरेंस (INSURANCE) का कूट एक्नारूसनी (ECNARUSNI) है, तो हिंडरेंस (HINDRANCE) का कूट क्या होगा ?

(A) CADNIHWCE

(B) HANODEINR

(C) AENIRHDCN

(D) ECNARDNIH

**50.** 2, 5, 10, 17, 26, 37, 50 की शृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?

(A) 63 (B) 65

(C) 67 (D) 69

**51.** Which of the following is an example of circular argument ?

(A) God created man in his image and man created God in his own image.

(B) God is the source of a scripture and the scripture is the source of our knowledge of God.

(C) Some of the Indians are great because India is great.

(D) Rama is great because he is Rama.

**52.** Lakshmana is a morally good person because

(A) he is religious

(B) he is educated

(C) he is rich

(D) he is rational

**53.** Two statements I and II given below are followed by two conclusions (a) and (b). Supposing the statements are true, which of the following conclusions can logically follow ?

I. Some religious people are morally good.

II. Some religious people are rational.

Conclusions :

(a) Rationally religious people are good morally.

(b) Non-rational religious persons are not morally good.

(A) Only (a) follows.

(B) Only (b) follows.

(C) Both (a) and (b) follow.

(D) Neither (a) nor (b) follows.

**54.** Certainty is

(A) an objective fact

(B) emotionally satisfying

(C) logical

(D) ontological

**51.** निम्नलिखित में से चक्रिक युक्ति का उदाहरण कौन सा है ?

(A) परमात्मा ने मनुष्य को अपने रूप में बनाया और मनुष्य ने परमात्मा को अपना रूप दिया ।

(B) परमात्मा धार्मिक ग्रंथ का स्रोत है और धार्मिक ग्रंथ परमात्मा सम्बन्धी हमारे ज्ञान का स्रोत है ।

(C) कुछ भारतीय महान हैं, क्योंकि भारत महान है ।

(D) राम महान हैं, क्योंकि वह राम हैं ।

**52.** लक्ष्मण नैतिक रूप से अच्छा व्यक्ति है, क्योंकि

(A) वह धार्मिक है ।

(B) वह शिक्षित है ।

(C) वह धनी है ।

(D) वह विवेकी है ।

**53.** नीचे दो कथन I और II दिये जा रहे हैं और उसके पश्चात दो निष्कर्ष (a) और (b) दिये जा रहे हैं । इन कथनों को सत्य मानते हुए, निम्नलिखित में से तर्क की दृष्टि से कौन सा निष्कर्ष निकल सकता है ?

I. कुछ धार्मिक व्यक्ति नैतिक रूप से सामान्यत: अच्छे हैं ।

II. कुछ धार्मिक व्यक्ति विवेकी होते हैं ।

निष्कर्ष :

(a) विवेक की दृष्टि से धार्मिक व्यक्ति नैतिक रूप से अच्छे होते हैं ।

(b) गैर-विवेकी धार्मिक व्यक्ति नैतिक रूप से अच्छे नहीं होते ।

(A) केवल (a) निष्कर्ष है ।

(B) केवल (b) निष्कर्ष है ।

(C) (a) और (b) दोनों निष्कर्ष हैं ।

(D) न (a) और न ही (b) निष्कर्ष है ।

**54.** निश्चितता है


(A) एक वस्तुगत तथ्य

(B) भावनात्मक रूप से सन्तुष्टिदायक

(C) तार्किक

(D) सात्त्विक

Questions from **55** to **56** are based on the following diagram in which there are three intersecting circles I, S and P where circle I stands for Indians, circle S stands for scientists and circle P for politicians. Different regions of the figure are lettered from a to g.





**55.** The region which represents non-Indian scientists who are politicians.

(A) f (B) d
(C) a (D) c

**56.** The region which represents politicians who are Indians as well as scientists.

(A) b (B) c
(C) a (D) d


**57.** The population of a city is plotted as a function of time (years) in graphic form below :




Which of the following inference can be drawn from above plot ?

(A) The population increases exponentially.
(B) The population increases in parabolic fashion.
(C) The population initially increases in a linear fashion and then stabilizes.
(D) The population initially increases exponentially and then stabilizes.

प्रश्न **55** और **56** नीचे दिए हुए रेखांकन (डायाग्राम) पर आधारित हैं जिसमें I, S और P तीन चक्र हैं; जिसमें से चक्र I भारतीयों के लिए हैं, चक्र S वैज्ञानिकों के लिए और चक्र P राजनीतिज्ञों के लिए रखा गया है । इस चित्र में भिन्न क्षेत्रों को a से g तक दर्शाया गया है :





**55.** वह क्षेत्र जो ऐसे गैर-भारतीय वैज्ञानिकों का प्रतिनिधित्व करता ह जो राजनीतिज्ञ हैं

(A) f (B) d
(C) a (D) c

**56.** वह क्षेत्र जो ऐसे राजनीतिज्ञों का प्रतिनिधित्व करता है जो भारतीय भी हैं और वैज्ञानिक भी ।

(A) b (B) c
(C) a (D) d


**57.** नीचे किसी नगर की जनसंख्या को समय (वर्ष) के साथ ग्राफ के रूप में रेखांकित किया गया है :




उपरोक्त रेखांकन से कौन सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

(A) जनसंख्या घातीय रूप से बढ़ती है ।
(B) जनसंख्या एकेंद्रिय ढंग से बढ़ती है ।
(C) जनसंख्या प्रारम्भ में रेखीय ढंग से बढ़ती है और फिर स्थिर हो जाती है ।
(D) जनसंख्या प्रारम्भ में घातीय रूप से बढ़ती है और फिर स्थिर हो जाती है ।

In the following chart, the price of logs is shown in per cubic metre and that of Plywood and Saw Timber in per tonnes. Study the chart and answer the following questions **58**, **59** and **60**.




**58.** Which product shows the maximum percentage increase in price over the period ?

(A) Saw timber

(B) Plywood

(C) Log

(D) None of the above

**59.** What is the maximum percentage increase in price per cubic metre of log ?

(A) 6

(B) 12

(C) 18

(D) 20

**60.** In which year the prices of two products increased and that of the third increased ?


(A) 2000

(B) 2002

(C) 2003

(D) 2006

निम्नलिखित चार्ट में, लकड़ी के लट्ठों की कीमत को प्रति क्यूबिक मीटर के हिसाब से दिखाया गया है, और प्लाइवुड एवं आरा लकड़ी की कीमत को प्रति टन के हिसाब से । चार्ट का अध्ययन कीजिए और प्रश्न **58, 59** और **60** के उत्तर दीजिए :




**58.** किस उत्पाद की कीमत में, पिछले समय के दौरान, बढ़ने की अधिकतम प्रतिशतता देखने में आई है ?

(A) आरा लकड़ी

(B) प्लाइवुड

(C) लट्ठा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**59.** लकड़ी के लट्ठे के प्रति क्यूबिक मीटर की कीमत में अधिकतम बढ़ोत्तरी की प्रतिशतता क्या होगी ?

(A) 6

(B) 12

(C) 18

(D) 20

**60.** किस वर्ष में प्रथम दो उत्पादों के मूल्य में वृद्धि हुई है, और तृतीय उत्पाद की कीमत में वृद्धि कब हुई ?

(A) 2000

(B) 2002

(C) 2003

(D) 2006

**[ For Blind Students Only ]**

Read the following passage carefully and answer the questions **55** to **60**.

During the thousands of years since the earliest records of the history of ideas, learned people have accounted for the order they perceived in the universe in different ways. The accounts range along a continuum from arbitrary rule by humanlike deities, through rule by a deity subject to law, through various kinds of cause and effect relations, to abstract mathematical law. These do not represent successive stages of increasing sophistication, for all of them can be found in the thinking of ancient Greek philosophers as well as in the contemporary world. Rule by a deity or deities is a very ancient concept. In Sumeria, the religious leaders saw a world ruled by living beings like humans but endowed with superhuman powers and with immortality. Each of these beings was responsible for the control and maintenance of some features of the world, such as the flow of rivers, the rise and fall of the tides, the shift of the winds, the productivity of the harvest and the abundance of game animals. The deities competed with one another and reacted arbitrarily and often vindictively to human acts. Other cultures explained matters in terms of a single deity whose acts were frequently subject to the bestowal of human favour. A very different way of accounting for an ordered universe is the recognition of cause and effect sequences that take place in accordance with general law. In some cases the notion of a single deity is retained, but the acts of this deity are not arbitrary. Some would say that this God is the law. The idea of law itself is an anthropomorphism – that is, a reflection of human experience. Those who break divine laws are subject to punishment, but those who act in harmony with the law are rewarded. Of course, there is a great difference between human law and scientific law : human law governs the behaviour of things, and events are subject to law, but scientific law is a general description of events.

**55.** Order in the universe is perceived through various kinds of relations between

(A) men and matters (B) cause and effect
(C) law and punishment (D) sophistication and crudity

**56.** In Sumeria, religious leaders saw the world as ruled by human beings endowed with

(A) rational thinking (B) religious powers
(C) superhuman powers (D) intuitive powers

**57.** Law as a reflection of human experience is

(A) punishment or reward for breaking or following it.
(B) that which governs human behaviour.
(C) a general description of events.
(D) that governs natural events.

**58.** According to the author, various accounts of the world are not evolutionary because

(A) they are found in the thinking of ancient Greek philosophers
(B) ideas do not grow
(C) they have no relation to abstract mathematical law
(D) they are neither ancient nor contemporary

**59.** The Sumerian view of the deities is that

(A) they are governed by a law
(B) they are competing with one another
(C) they are compassionate to human beings
(D) they are governed by a single deity

**60.** What is the other way of understanding the world which is different from that of the Sumerians ?

(A) World governed by cause and effect sequences.
(B) World governed by a single deity.
(C) World is governed by a deity whose will is not arbitrary.
(D) World is governed by law.

**[ केवल नेत्रहीन अभ्यर्थियों हेतु ]**

निम्नलिखित लेखांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **55-60** का उत्तर दीजिए :

हजारों वर्षों के दौरान, जब से विचारों के इतिहास के आरंभिक अभिलेख मिलते हैं, विद्वत् जनों ने सृष्टि में उनके द्वारा अनुभूत व्यवस्था का विवरण प्रस्तुत किया है । ये विवरण एक सातत्यक की शृंखला के एक छोर से दूसरे छोर तक – मानव-समान देव-देवियों द्वारा उनके विवेकाधीन शासन से लेकर देव-देवियों द्वारा नियमाधीन शासन से लेकर विभिन्न प्रकार के कार्य-कारण संबंधों से लेकर, गूढ़ (अमूर्त) सुनिश्चित नियमों तक फैले हैं । ये उत्तरोत्तर वर्धमान परिष्करण की अवस्थाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते, क्योंकि ये सभी प्राचीन यूनानी दार्शनिकों और साथ ही साथ विश्व के समसामयिक विचारकों के चिंतन में मिलते हैं । एक या अनेक देव-देवियों द्वारा शासन एक अति प्राचीन अवधारणा है । सुमेरिया में धर्मप्रमुखों ने अति प्राकृतिक शक्तियों एवं अमरता से संपन्न मानव-समान व्यक्तियों द्वारा शासित की कल्पना की थी । इनमें से प्रत्येक व्यक्ति पर विश्व की कुछ विशिष्टताओं के नियंत्रण तथा अनुरक्षण का दायित्व था, जैसे नदियों का प्रवाह, ज्वार-भाटा का उतार-चढ़ाव, हवाओं का परिवर्तन, फसल की उत्पादकता तथा शिकारयोग्य पशुओं की बहुलता । इन देव-देवियों में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा होती थी तथा मानव-कृत्यों के प्रति इनकी प्रतिक्रिया स्वेच्छाचारितापूर्ण तथा बहुधा दण्डात्मक होती थी । अन्य संस्कृतियों में इन बातों की व्याख्या एक एकल देव-देवी के रूप में की गई जो लोगों को बारंबार भौतिक अनुकंपा प्रदान करते थे । एक व्यवस्थित जगत् का विवरण प्रस्तुत करने का एक अति भिन्न तरीका है, जिसमें सामान्य नियमों के अनुरूप घटित होने वाले कार्य-कारण अनुक्रम को स्वीकृति प्रदान की जाती है । कुछ मामलों में एक एकल देव-देवी की धारणा को बनाये रखा गया । परन्तु इस देव-देवी के कृत्य स्वेच्छाचारितापूर्ण नहीं होते हैं । कुछ लोग कहेंगे कि यही देव/देवी नियम या कानून है । कानून का विचार स्वयं ही एक मानवत्वारोपण है – अर्थात् मानव-अनुभव का प्रतिबिंब है । वे लोग जो दैवी-नियमों को तोड़ते हैं वे दण्ड के अधिकारी होते हैं, परन्तु जो नियमानुकूल आचरण करते हैं वे पुरस्कृत किये जाते हैं । सत्य ही, मानव निर्मित नियमों तथा वैज्ञानिक नियमों के बीच बहुत बड़ा अंतर है : मानव-निर्मित नियम सत्ताओं के व्यवहार को शासित करते हैं तथा घटनाएँ नियमों के अधीन हैं, परंतु वैज्ञानिक नियम घटनाओं का सामान्य विवरण है ।

**55.** जगत् में व्यवस्था का बोध इनमें से किसके बीच संबंध के द्वारा किया जा सकता है ?

(A) मानव तथा पदार्थ
(B) कार्य तथा कारण
(C) नियम तथा दण्ड
(D) परिष्करण तथा अपरिष्करण

**56.** सुमेरिया में धर्मप्रमुखों ने निम्न में से किन गुणों से सम्पन्न मानवों द्वारा शासित विश्व की कल्पना की थी ?

(A) विवेकपूर्ण चिंतन से
(B) धार्मिक शक्तियों से
(C) अतिप्राकृतिक शक्तियों से
(D) अंतर्ज्ञानी शक्तियों से

**57.** मानव अनुभव के प्रतिबिंब के रूप में नियम क्या है ?

(A) इसे तोड़ने अथवा इसका अनुपालन करने के लिए दण्ड अथवा पुरस्कार ।
(B) जो मानव व्यवहार को शासित करता है ।
(C) घटनाओं का एक सामान्य विवरण ।
(D) प्राकृतिक घटनाओं को नियंत्रित करने वाला ।

**58.** लेखक के अनुसार विश्व के बारे में विभिन्न विवरण क्रमविकासपरक नहीं हैं, क्योंकि

(A) इन्हें प्राचीन यूनानी दार्शनिकों के चिंतन में पाया जाता है ।
(B) विचार विकसित नहीं होते ।
(C) गूढ़ सुनिश्चित नियमों के साथ इनका संबंध नहीं है ।
(D) ये न तो प्राचीन हैं, न ही समसामयिक हैं ।

**59.** देव-देवियों के बारे में सुमेरियन विचार है कि

(A) ये एक नियम से नियंत्रित होते हैं ।
(B) ये एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा में रहते हैं ।
(C) ये मानव के प्रति दयालु होते हैं ।
(D) वे एक एकल देव-देवी से नियंत्रित होते हैं ।

**60.** विश्व को समझने का एक अन्य तरीका क्या है जो सुमेरियन विचार से अलग है ?

(A) कार्य-कारण अनुक्रमों द्वारा नियंत्रित विश्व ।
(B) एक एकल देव-देवी द्वारा नियंत्रित विश्व ।
(C) विश्व एक देव/देवी – जो स्वेच्छाचारी नहीं है – द्वारा नियंत्रित होता है ।
(D) विश्व नियम/कानून द्वारा नियंत्रित होता है ।

**Space For Rough Work**